दिनांक : 15.11.25 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

..

मुख्य समाचार :–

- स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समाज की अहम भूमिका कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।
- प्रदेश में भी आज जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- प्रदेश के पन्ना जिले के हीरे को मिला जीआई टेक।

और

- राज्य में शीतलहर का असर बढ़ा, अगले 24 घंटों के दौरान मौसम ऐसा ही रहने की संभावना।

.............

**प्रधानमंत्री - गुजरात दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गुजरात के आदिवासी बहुल नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा कस्बे में 9,700 करोड़ रुपये से ज़्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विरासत पर केंद्रित हैं, जिनमें आदिवासी सशक्तिकरण पर विशेष ज़ोर दिया गया है। आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आदिवासी गौरव हज़ारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समाज के योगदान को कभी नहीं भुला सकता।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज श्री गोविंद गुरु पीठ जनजातीय भाषा संवर्धन केंद्र की भी स्थापना की गई है जहाँ सभी जनजातियों की बोलियों पर अध्ययन किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने

**कहा कि उनसे जुड़ी कहानियों और गीतों को भी इस केंद्र में संरक्षित किया जाएगा।**

गौरव दिवस–प्रदेश

प्रदेश में भी आज जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ किया। इस समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात से वर्चुअली संबोधित किया। यहाँ जिलों से निकलने वाली जनजातीय गौरव रथ यात्राओं का समागम हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जनजातीय कार्य विभाग के शालिनी ऐप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के वीर जननायकों और महापुरूषों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ–साथ स्वाधीनता आंदोलन में भी अमूल्य योगदान दिया है..

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले के नारायणपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलीराजपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय 'जनजातीय गौरव दिवस समारोह' में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

अशोकनगर, शहडोल, धार, कटनी, गुना, ग्वालियर, सागर, आगरमालवा, छिन्दवाड़ा, बैतूल, खंडवा, नीमच, पन्ना सहित अन्य जिलों में भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती मनाई गई।

**सेना भर्ती**

**सेना भर्ती कार्यालय महू द्वारा बताया गया कि भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंदौर में 23 नवम्बर 2025 से 05 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा। इस रैली में इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के वे उम्मीदवार भाग ले सकेंगे जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य परीक्षा उत्तीर्ण की है।**

नड्डा-अमृत - दस वर्ष

किफायती दवाएं और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) पहल ने आज 10 वर्ष पूरे कर लिए। नई दिल्ली में अमृत की 10वीं वर्षगांठ समारोह में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्षों में मरीजों को लगभग आठ हजार 500 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 255 अमृत फ़ार्मेसी हैं, जो दवाओं, प्रत्यारोपणों, सर्जिकल डिस्पोजेबल्स और अन्य उपभोग्य सामग्रियों सहित छह हजार 500 से अधिक उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करती हैं।

मुख्यमंत्री पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पन्ना जिले के हीरे को भारत सरकार द्वारा जीआई टैग मिलना पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे पन्ना डायमंड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा और पन्ना के युवाओं तथा कारीगरों को स्थानीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले के हीरे सर्टिफाइड और प्रीमियम प्राकृतिक उत्पाद के रूप में विश्व बाजार में उपलब्ध होंगे और पन्ना के इन प्राकृतिक हीरों को ही पन्ना डायमंड के नाम से बेचा जा सकेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी।

भावांतर योजना

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

पौध–रोपण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को वर्ष 2026 में किये जाने वाले व्यापक पौध–रोपण अभियान की तैयारी और इससे जुड़ी कार्य–योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने निकायों से कार्य–योजना आगामी दिसम्बर तक पूर्ण

करने के लिये भी कहा है। निकायों को लगाये गये पौधों की सुरक्षा में सजगता बरतने को भी कहा गया है।

दिव्य कला मेला

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आज से उत्तरप्रदेश के लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेला आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा कल इस मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह मेला 23 नवंबर तक चलेगा। मेले में लगभग 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इसमें जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाला यह मेला सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

मौसम

प्रदेश में शीतलहर का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के भोपाल, इंदौर, शहडोल,रीवा और जबलपुर संभाग में सुबह–शाम सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ । मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, शहडोल,रीवा,ग्वालियर और जबलपुर संभागों के जिलों में आज और कल ठंड का ज्यादा असर रहेगा, जबकि 17 नवंबर से रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी की संभावना है। फिलहाल लोगों को ठंड से बचाव रखने, सुबह जल्दी बाहर न निकलने, बुजुर्गों और बच्चों की विशेष देखभाल करने की सलाह दी गई है।

## समाचार संक्षेप में –

- शहडोल जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को भारत सरकार ने उत्कृष्टता केंद्र के रूप में चयनित किया है। इसमें सुविधाओं का विस्तार के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने 11 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।
- **नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर "यूनिटी मार्च रैली" का आयोजन किया गया।**
- **छिन्दवाड़ा जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण के सुचारू व्यवस्था के लिये निर्देश दिये गये हैं।**

- आगरमालवा जिले में तम्बाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।
- बैतूल जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा कल खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने सात विकेट पर 93 रन बना लिए है। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में भारतीय टीम ने 189 रन बनाए।

.........................